# तपन बंद्योपाध्याय को मिलेगा बांग्ला का साहित्य अकादमी



**कोलकाता.** बांग्ला भाषा के लिए 2022 का साहित्य अकादमी पुरस्कार लेखक तपन बंद्योपाध्याय को मिलेगा. यह पुरस्कार उनकी पुस्तक 'बीरबल' के लिए प्रदान किया जायेगा. साहित्य अकादमी की ओर से 11 मार्च 2023 को आयोजित एक समारोह में श्री बंद्योपाध्याय को इंग्रेव्ड कॉपर प्लेक, शॉल और एक लाख रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा. पुरस्कार की घोषणा होने के बाद तपन बंद्योपाध्याय ने कहा कि वह 'बीरबल' उपन्यास के लिए सम्मानित होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. हालांकि, इससे पहले भी उन्हें ओड़िया पुस्तक 'भारतवर्ष' के बांग्ला अनुवाद के लिए साहित्य अकादमी मिल चुका है.

- अनुवाद के लिए 2019 में भी मिल चुका है साहित्य अकादमी